मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-24
21/01/2024

मुख्यमंत्री ने खगड़िया में नवनिर्मित अनुमंडलीय अस्पताल का किया लोकार्पण

पटना, 21 जनवरी 2024 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने खगड़िया जिला के गोगरी में 15 करोड़ रुपये की लागत से नवनिर्मित अनुमंडलीय अस्पताल का फीता काटकर एवं शिलापट्ट अनावरण कर लोकार्पण किया। लोकार्पण के पश्चात् अनुमंडलीय अस्पताल का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। 100 शय्या वाला यह अनुमंडल अस्पताल अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है। इस अस्पताल का भवन भूकंपरोधी है।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, समाज कल्याण मंत्री श्री मदन सहनी, सांसद श्री चौधरी महबूब अली कैसर, विधायक डॉ0 संजीव कुमार सिंह, विधायक श्री पन्ना लाल पटेल, विधान पार्षद श्री राजीव कुमार, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत, स्वास्थ्य विभाग के सचिव श्री संजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, मुंगेर के प्रमंडलीय आयुक्त श्री संजय कुमार सिंह, मुंगेर प्रक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक श्री संजय सिंह, खगड़िया के जिलाधिकारी श्री अमित कुमार पाण्डेय, खगड़िया के पुलिस अधीक्षक श्री अमितेश कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

******